# दिल्ली विकास प्राधिकरण
## खेल विंग

दिल्ली विकास प्राधिकरण, खेल विंग में अनुबंध के आधार पर परामर्शदाता के रूप में सहायक प्रबंधक/शिफ्ट इंचार्ज ( ग्रेड वेतन 2800/- रुपये), खेल सुपरवाइजर (ग्रेड वेतन 2400/- रुपये), खेल अटैंडेंट (ग्रेड वेतन 1800/- रुपये) और लिपिक (ग्रेड वेतन 2800/- रुपये) के लिए भारत सरकार/राज्य सरकार/केंद्रीय स्वायत्त निकायों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आरंभ में एक वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है। इस अवधि को दि.वि.प्रा. की आवश्यकता और आवेदक के कार्य-निष्पादन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। आवेदक की ऊपरी आयु सीमा दिनांक 01.09.2018 को 63 वर्ष होनी चाहिए।

| विभाग | पद का नाम | न्यूनतम अर्हता/व्यावसायिक अर्हता | अनुभव | सेवानिवृत्ति के समय न्यूनतम ग्रेड वेतन |
|---|---|---|---|---|
| खेल विंग | सहायक प्रबंधक/शिफ्ट इंचार्ज | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्व विद्यालय से हायर सैकेण्डरी (10+2) अथवा समकक्ष। | खेल प्रशासन मामलों सहित अन्य संबद्ध कार्यों का अनुभव होना चाहिए। | 2800/- रुपये (स्तर-5) |
| | खेल सुपरवाइजर | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्व विद्यालय से हायर सैकेण्डरी (10+2) अथवा समकक्ष। | | 2400/- रुपये (स्तर-4) |
| | खेल अटैंडेंट | मान्यता प्राप्त बोर्ड/स्कूल से 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष। | | 1800/- रुपये (स्तर-1) |
| | लिपिक | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्व विद्यालय से हायर सैकेण्डरी (10+2) अथवा समकक्ष। | | 2800/- रुपये (स्तर-5) |

## पात्रता मानदंड:

i. 63 वर्ष तक की आयु के ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारी पात्र होंगे जिनका सेवा रिकार्ड उत्तम हो तथा जो शारीरिक रूप से फिट हों।

ii. ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारी के मामले पर विचार नहीं किया जाएगा, जिनकी सेवानिवृत्ति के समय उनके विरूद्ध कोई सतर्कता मामला अथवा विभागीय कार्यवाही अथवा आपराधिक अभियोजन विचाराधीन अथवा लंबित हो।

iii. ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारी पात्र नहीं होंगें, जो अपनी सेवानिवृत्ति के बाद किसी राजनैतिक दल के सदस्य हों।

iv. उनकी सेवानिवृत्ति के पूर्ववर्ती 5 वर्ष तक की अवधि की ए.सी.आर./ए.पी.ए.आर. पर विचार किया जाएगा। 05 ए.सी.आर./ए.पी.ए.आर. में से कम से कम 04 ए.सी.आर./ए.पी.ए.आर. 'बहुत अच्छी' होनी चाहिए। इससे उच्च/बेहतर ए.पी.ए.आर. ग्रेडिंग वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## परामर्शदाताओं की नियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें:

i. अनुबंध आधार पर नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी, जिसे 6 माह अथवा इससे कम अवधि तक बढ़ाया जा सकता है, जो आवश्यकता के आधार पर और संतोषजनक कार्य निष्पादन की शर्त पर होगा तथा इसे 65 वर्ष की आयु के बाद बढ़ाया नहीं जाएगा।

ii. परामर्शदाताओं की नियुक्ति पूर्ण कालिक आधार पर होगी और वे दि.वि.प्रा. में परामर्शदाता की अवधि के दौरान कोई अन्य कार्य नहीं करेंगें।

iii. परामर्शदाताओं की नियुक्ति अस्थायी प्रकृति की होगी और इस नियुक्ति को दि.वि.प्रा. द्वारा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।

iv. परामर्शी कार्य करने की अवधि को पेंशन अथवा किसी अन्य सेवानिवृत्ति लाभ के उद्देश्य से सरकारी सेवा के रूप में नहीं गिना जाएगा।

v. परामर्शी कार्य हेतु निबंधन एवं शर्तों के संबंध में समय-समय पर जारी किए गए सामान्य अनुदेश लागू होंगे और दि.वि.प्रा. द्वारा नियुक्त किए गए परामर्शदाताओं पर बाध्यकारी होंगे।

vi. यदि परामर्शदाता त्याग-पत्र देना चाहते हों, तो वे लिखित रूप में 15 दिन पहले नोटिस देकर ऐसा कर सकते हैं। नोटिस की अवधि की समाप्ति के बाद उन्हें कार्यभार मुक्त करने वाले अधिकारी को रिकॉर्ड का पूर्ण प्रभार सौंपने के बाद कार्यभार मुक्त किया जा सकता है। पारिश्रामिक सहित ये निबंधन एवं शर्तें वित्त एवं व्यय परिपत्र सं. 10/2018 दिनांक 22.5.2018 द्वारा जारी किए गए नीति विषयक दिशा-निर्देशों के अनुसार होंगी और दि.वि.प्रा. द्वारा समय-समय पर जारी कोडल प्रावधानों, ज्ञापन और संकल्पों की शर्त के अधीन होंगी।

vii. परामर्शदाता को कार्यभार ग्रहण करते समय उनके द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी की सत्यता और सही होने के संबंध में तथा निष्ठा और गोपनीयता की घोषणा के संबंध में एक वचनबद्ध प्रस्तुत करना होगा।

## अभ्यर्थियों हेतु अनुदेश:

**टिप्पणी**: अभ्यर्थी अपने आवेदन-पत्र दिनांक 20.09.2018 को अपराह्न 5.00 बजे तक ई-मेल के द्वारा निर्धारित फॉर्मेट में भेज सकते हैं। वे विधिवत् टाइप किए हुए फॉर्म को भरें और निर्धारित आवेदन पत्र (संलग्न) में दिए गए स्थान पर फोटो चिपकाएं। दिए गए स्थान पर नमूना हस्ताक्षर करें और फिर विधिवत् भरे हुए हस्ताक्षरित आवेदन-पत्र की स्कैण्ड प्रति पी.डी.एफ. अथवा जे.पी.ई.जी. फॉर्मेट में ई-मेल आई.डी. commrsprts@dda.org.in पर भेज दें।

1. कृपया उपर्युक्त ई-मेल आई.डी. पर आवेदन-पत्र की स्कैन की हुई प्रति भेजते समय कोई भी अन्य दस्तावेज संलग्न न करें। आवेदक को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उस समय मूल/सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगें।
2. चुने गये अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथि की सूचना ई-मेल के माध्यम से दी जाएगी तथा इसे दि.वि.प्रा. की वेबसाइट पर भी सूचित किया जाएगा।
3. ई-मेल के माध्यम से आवेदन-पत्र भेजने का अर्थ यह नहीं है कि आवेदक को साक्षात्कार के लिए बुलाया ही जाएगा। केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जिन्हें कार्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दि.वि.प्रा. द्वारा निर्धारित मानदंड के अनुसार उपयुक्त पाया जाएगा। इस संबंध में ई-मेल अथवा फोन आदि द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार के यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।

आयुक्त (खेल)

# दिल्ली विकास प्राधिकरण
## खेल विंग
## आवेदन-पत्र

फोटो

हस्ताक्षर

1. पद का नाम, जिसके लिए आवेदन किया है :
2. अभ्यर्थी का नाम :
   (स्पष्ट अक्षरों में)
3. पिता का नाम :
   (स्पष्ट अक्षरों में)
4. जन्मतिथि (दिन/महीना/वर्ष) :
5. लिंग (पुरूष/महिला) :
6. दिनांक 01.09.2018 को आयु :
7. पत्राचार का पता :
8. ई-मेल पता :
9. फोन नं. :
10 शैक्षणिक/व्यावसायिक/तकनीकी योग्यता :
   (कक्षा 08 से आरंभ करते हुए)

| उत्तीर्ण परीक्षा | विषय/विशेषज्ञता | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | पाठ्यक्रम की अवधि | अंकों की प्रतिशतता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 वीं | | | | | | |
| 10 वीं | | | | | | |
| 12 वीं | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| अन्य | | | | | | |

11. अनुभव:

**(क)** धारित पदों, कार्य की प्रकृति और अनुभव के वर्ष के विवरण सहित खेल प्रशासन मामलों में अनुभव के कार्य क्षेत्र:-

(1)

(2)

(3)

(4)

(5)

**(ख)**

| नियोक्ता का नाम एवं पता (यह भी निर्दिष्ट करें कि क्या केंद्र सरकार/राज्य सरकार/केंद्रीय स्वायत्त निकाय है) | पदनाम एवं ग्रेड वेतन | से | तक | कार्यों का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. सेवानिवृत्ति के समय पद एवं ग्रेड वेतन:

13. कम्प्यूटर पर कार्य करने की दक्षता (हाँ/नही):
(यदि हाँ, तो उसका विवरण दें)

14. सेवानिवृत्ति के समय क्या कोई अनुशासनात्मक:
कार्यवाही विचाराधीन/लंबित थी (हाँ/नहीं)

15. पिछली 5 ए.पी.ए.आर. की रेटिंग।

| वर्ष | प्रथम वर्ष | द्वितीय वर्ष | तृतीय वर्ष | चतुर्थ वर्ष | पंचम वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रे डिंग | | | | | |

16. उन्हें पी.पी.ओ (व्यकितगत पेंशन आदेश) की प्रति भी प्रस्तुत करनी होगी।

# **अभ्यर्थी द्वारा घोषणा**

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता/करती हूँ कि आवेदन में उपर्युक्त उल्लिखित विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही और सत्य हैं तथा किसी महत्वपूर्ण तथ्य/जानकारी को छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा उल्लिखित विवरण किसी भी स्तर पर असत्य अथवा गलत पाए जाते हैं, तो मेरी सेवाएं बिना किसी सूचना के रद्द की जा सकती हैं।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

स्थान:
तिथि: